# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
## खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), रायबरेली,
प्लाट नं0–बी–26 / 63, मकान नं0–537, आनन्द नगर, रायबरेली–229001
E-mail :- ee_kk_upjn.ra1@yahoo.com


पत्रांक : 1176 / M-20 / 82 दिनांक 03/06/2026.



सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :– ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली दिनांक 03.06.2026 में प्रकाशित "बेतौरा गांव में राहगीरों और मवेशियों के लिए खतरा' के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली दिनांक 03.06.2026 में प्रकाशित "बेतौरा गांव में राहगीरों और मवेशियों के लिए खतरा' शीर्षक का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसकी आख्या निम्नवत् है:–

| प्रकाशित खबर | आख्या |
| --- | --- |
| रायबरेली जिले के डीह ब्लॉक स्थित बेतौरा गांव में जल जीवन मिशन के तहत खोदा गया एक चेंबर लंबे समय से खुला पड़ा है। सड़क किनारे स्थित यह खुला चेंबर अब राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बन गया है।<br>स्थानीय लोगों के अनुसार, यह एक व्यस्त मार्ग है, जिसके कारण यहां हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि रात के अंधेरे में इस खुले गड्ढे को देख पाना बेहद मुश्किल होता है, जिससे जोखिम और बढ़ जाता है।<br>इस खुले चेंबर के कारण न केवल पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को परेशानी हो रही है, बल्कि आए दिन मवेशी भी इसमें गिरकर घायल हो रहे हैं। यह स्थिति पशुओं के लिए भी खतरनाक साबित हो रही है।<br>नन्हा, नन्हे, सूरज, अर्जुन और अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि किसी बड़ी दुर्घटना से पहले इस खुले चेंबर को तत्काल बंद कराया जाए। उन्होंने इस समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। | उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड–डीह के ग्राम बेतौरा में जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत बेतौरा पेयजल योजना पर सड़क के किनारें खुले चैम्बर पर चैम्बर कवर का अधिष्ठापन करा दिया गया है। जिससे आमजनमानस को आवागमन में कठिनाई का सामना न करना पड़े।<br><br><br><br> |

संलग्नक–पेपर कटिंग

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपराक्तानुसार।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता

रायबरेली में जल जीवन मिशन का चेंबर खुला:**बेतौरा गांव में राहगीरों और**

# मवेशियों के लिए खतरा

**चन्द्र किशोर ओझा | डीह (रायबरेली), रायबरेली**7 घंटे पहले



रायबरेली जिले के डीह ब्लॉक स्थित बेतौरा गांव में जल जीवन मिशन के तहत खोदा गया एक चेंबर लंबे समय से खुला पड़ा है। सड़क किनारे स्थित यह खुला चेंबर अब राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों के लिए गंभीर समस्या बन गया है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, यह एक व्यस्त मार्ग है, जिसके कारण यहां हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि रात के अंधेरे में इस खुले गड्ढे को देख पाना बेहद मुश्किल होता है, जिससे जोखिम और बढ़ जाता है।

इस खुले चेंबर के कारण न केवल पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को परेशानी हो रही है, बल्कि आए दिन मवेशी भी इसमें गिरकर घायल हो रहे हैं। यह स्थिति पशुओं के लिए भी खतरनाक साबित हो रही है।

नन्हा, नन्हे, सूरज, अर्जुन और अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि किसी बड़ी दुर्घटना से पहले इस खुले चेंबर को तत्काल बंद कराया जाए। उन्होंने इस समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है।